## एक नजर में

### 'हमारे शिक्षक' एप पर प्रतिदिन ई-अटेंडेंस अनिवार्य : सीईओ जिला पंचायत

**खरगोन, निप्र।** जिले के बड़वाह एवं कसरावद विकासखण्ड अंतर्गत समस्त शासकीय हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों के प्राचार्यों तथा संकुल प्राचार्यों द्वारा 'हमारे शिक्षक' एप पर शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज नहीं की जा रही है। इस संबंध में कलेक्टर एवं लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा निर्देश दिए गए हैं। जिला पंचायत सीईओ श्री आकाश सिंह द्वारा निर्देशित किया है कि समस्त प्रभारी एवं प्राचार्य अपनी उपस्थिति प्रतिदिन 'हमारे शिक्षक' एप पर दर्ज करें तथा अपने अधीनस्थ समस्त कर्मचारियों की ई-अटेंडेंस शत-प्रतिशत लगवाना सुनिश्चित करें।

### सनावद में सूने मकान में सेंध : चोरों ने 10 लाख के आभूषण व नकदी पर किया हाथ साफ

**सनावद , निप्र।** सनावद के वार्ड नंबर 17 में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाकर करीब 10 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चुरा ली। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। सनावद पुलिस और खरगोन से पहुंची फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, पीड़ित परिवार किसी पारिवारिक आयोजन के लिए घर से बाहर गया था। चोरों ने इस मौके का फायदा उठाकर मकान का ताला तोड़ा और अंदर रखे सोने के हार, चेन, अंगूठी, बंगले और अन्य कीमती आभूषणों के साथ नकदी लूट ली। पीड़ितों ने नुकसान का अनुमान लगभग 10 लाख रुपये बताया है। घटना की सूचना मिलते ही सनावद थाना पुलिस मौके पर पहुंची। खरगोन से फॉरेंसिक टीम ने फिंगरप्रिंट्स और अन्य साक्ष्य एकत्र किए। आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच भी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ( खरगोन ) ने बताया कि चोरी सुनियोजित प्रतीत होती है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि मकान कई दिनों से बंद था, जिसका चोरों ने फायदा उठाया। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने नागरिकों से घरों की सुरक्षा बढ़ाने और मूल्यवान वस्तुओं को सुरक्षित रखने की अपील की है। जांच जारी है।



### कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री को दी दीपावली की शुभकामनाएं, दीपावली मिलन समारोह 28 को

**कसरावद, निप्र।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने आज प्रदेश के कर्मचारी हितैषी मुख्यमंत्री से भेंट कर उन्हें दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल हेमंत श्री वास्तव ,प्रान्तीय अध्यक्ष जितेंद्र सिंह महामंत्री ने माननीय मुख्यमंत्री जी से दीपावली मिलन कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया, जिसे मुख्यमंत्री जी ने सहर्ष स्वीकृति प्रदान की। संघ का दीपावली मिलन समारोह दिनांक 28 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से मंत्रालय, भोपाल के सामने भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रदेशभर से कर्मचारी साथी शामिल होंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रांतीय संगठन मंत्री संजय अवस्थी के हवाले से तहसील अध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री जी का यह स्नेहपूर्ण सहयोग कर्मचारी वर्ग के हित मे और उत्साहवर्धक है। कार्यक्रम में उपस्थिति के लिए अपील करते हुए प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य भारती मालवीय, जिला अध्यक्ष विजय सुनहरे, सुनीता वर्मा, प्रकाश गोखले, मोहन यादव, श्रीकृष्ण शर्मा, राजेन्द्र राठौड़, संजय कर्मा, कालूराम यादव, संजय हिंगोले, संजय सोलंकी, और रामकन्या कुशवाह ने कहा कि यह दीपावली मिलन कार्यक्रम कर्मचारी एकता और सद्भाव का प्रतीक होगा।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में पशुपालन और डेयरी विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित



**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने राष्ट्रव्यापी कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम के अंतर्गत कृत्रिम गर्भाधान और गर्भ परीक्षण की प्रगति की विकासखंडवार समीक्षा की और मासिक लक्ष्यों की 100 प्रतिशत प्राप्ति के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि दिसंबर माह तक किसी भी विभागीय कर्मचारी को अवकाश स्वीकृत नहीं किए जाएंगे। उन्होंने लक्ष्य के विरुद्ध कम मासिक उपलब्धि दर्शाने वाले कार्यकर्ताओं को नोटिस जारी करने और नियमित रूप से कम उपलब्धि अर्जित करने वाले कार्यकर्ताओं के विरुद्ध विभागीय जांच संस्थापित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आगामी माह में विभागीय अधिकारियों द्वारा संतोषप्रद प्रदर्शन नहीं पाए जाने पर उनके विरुद्ध भी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर सुश्री मित्तल की अध्यक्षता में पशुपालन और डेयरी विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर ने विभाग की अन्य योजनाओं- फुट एंड माउथ टीकाकरण, कामधेनु योजना, नेशनल प्रोग्राम फार डेयरी डिवेलपमेंट, गौशाला शेड निर्माण, इत्यादि की प्रगति की भी समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। विभाग के समय सीमा पत्रों की भी समीक्षा की गई।

# एलपीजी वितरकों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

## ज्ञापन सौंपकर की सेवा शुल्क एवं होम डिलेवरी प्रभार में वृद्धि की मांग

नवभारत न्यूज़

**खरगोन।** सेवा शुल्क एवं होम डिलेवरी प्रभार में वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर शुक्रवार को एलपीजी गैस वितरकों ने एकजुटता दिखाते हुए चरणबद्ध आंदोलन की शुरुआत की।

राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत डीलरों सहित स्टॉफ ने काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया। सुबह जिलेभर के वितरक कलेक्टर कार्यालय पहुंचे, यहां एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के बैनर तले भारत सरकार पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय सचिव के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर एसोसिएशन की मांग पर जल्द निर्णय लेने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यह एसोएिशन हित में निर्णय नही लिया जाता है तो आगामी दिनों में अनिश्चितकालीन हड़ताल को बाध्य होंगे। एसोसिएशन अध्यक्ष विवेक पाटीदार, सचिव रितेश रोकड़े ने बताया कि डीलर्स अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से सरकार से मांग करते रहे हैं, लेकिन उनकी मांगों पर विचार नहीं करने के कारण एसोसिएशन में आक्रोश व्याप्त है। आगामी दिनों में यह आंदोलन जारी रहेगा। आंदोलन के दूसरे चरण में 29 अक्टूबर को मसाल रैली निकाली जाएगी। इसके बाद भी मांगें नही मानने पर तीसरे चरण में न पैसा जमा करेंगे न इंडेंट और चौथे चरण में अनिश्चितकालीन हड़ताल को बाध्य होंगे। इस दौरान वरिष्ठ संरक्षक श्रीमती झूमा सोलंकी, राजेन्द्र यादव, वरिष्ठ संरक्षक गोपाल रावत, प्रदीप वास्कले, सादिक खान आदि उपस्थित थे।



# आनंद कहीं बाहर नहीं, हमारे भीतर ही है



**खरगोन, निप्र।** आनंद संस्थान द्वारा जनपद सभागार महेश्वर में 24 अक्टूबर को विभिन्न विभागों के पचास कर्मचारियों के लिए 'आनंद अल्पविराम कार्यक्रम' जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में आनंद विभाग का परिचयात्मक वीडियो प्रदर्शित किया गया तथा विभाग की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण सत्र में आनंद अल्पविराम कार्यक्रम के अंतर्गत मनोरंजक और स्वयं का अनुभव कर शांति और मौन का अनुभव कराया गया। सत्र का संचालन राज्य स्तरीय प्रशिक्षक केबी मंसारे द्वारा सी.सी.डी. गतिविधियों के माध्यम से किया गया। उन्होंने कहा कि आनंद कहीं बाहर नहीं, हमारे भीतर ही है। मानव मात्र में अहं, क्रोध, लालच, जलन और बदले की भावना को पहचानकर आत्मा की आवाज को सुनना ही सच्चा आनंद है। वंदना केवट ने अपने जीवन के अनुभव साझा किए। साथ ही प्रतिभागियों ने भी अपने अनुभव व्यक्त किए।

कार्यक्रम का समापन धन्यवाद और आभार प्रदर्शन के साथ किया गया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विजय शर्मा, आनंद क्लब के आशीष मेहता, डिप्टी रेंजर कमल जोशी, जनपद से रामलाल बरसेना तथा आनंद विभाग के राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर गणेश कानडे और नारायण फरकले, रमेश चक्रवर्ती, राकेश वर्मा, मुलायम सिंह यादव, कन्हैयालाल पाटीदार उपस्थित रहे।

## मंडी कर्मचारियों द्वारा फूलमाला पहनाकर स्वागत किया

**कसरावद, निप्र।** शुक्रवार को कृषि उपज मंडी समिति कसरावद में सोयाबीन भावन्तर भुगतान योजना मे एक वाहन की आवक रही। कृषक श्री प्रकाश पाटीदार दोगावाँ का सोयाबीन का वाहन श्रीराम इंटरप्राइजेस कसरावद द्वारा अधिकतम 4100 रुपये बोली लगाकर खरीदा गया। कृषक एवं एवं व्यापारी श्री संजय पटेल का मंडी कर्मचारियों द्वारा फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इसी प्रकार कपास के 4 वाहन नीलाम हेतु आये। ष्द्ध अधिकारी श्री प्रितेश सुरांजे के द्वारा नमी अधिक होने के कारण खरीदी नही की गयी। जिनिंग व्यापारी श्री शैलेंद्र अग्रवाल द्वारा एक वाहन कृषक श्री गणपत पटेल कसरावद का 7000 रुपये की बोली लगाकर खरीदा गया। बाकी 3 वाहन नमी अधिक होने की वजह से वापस गए।



# सनावद अनाज मंडी में तालाबंदी : किसानों ने सीसीआई की मनमानी के खिलाफ खोला मोर्चा

**सनावद ( खरगोन )।** राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने सनावद अनाज मंडी में कपास खरीदी में देरी और कॉटन कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) की अव्यवस्था के विरोध में तालाबंदी कर दी। किसानों का आरोप है कि सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खरीदी न होने से उन्हें भारी परेशानी हो रही है। गुस्साए किसानों ने मंडी के मुख्य द्वार पर ताला जड़कर धरना शुरू किया। महासंघ ने मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश शासन को संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार और एसडीएम को सौंपा, जिसमें प्रमुख मांगें शामिल हैं। इनमें मंडी एक्ट 1972 की धारा 36-37 का पालन, समर्थन मूल्य से कम पर खरीद पर दंड ( धारा 405 ), मंडी कांटों की जांच, फसल पंजीकरण का सरलीकरण, पेयजल, साफ-सफाई, सुरक्षा और किसान दुर्घटना बीमा व्यवस्था को दुरुस्त करना शामिल है। किसानों ने कपास खरीदी में नमी मानदंड को 12% से बढ़ाकर 25% करने, तीन ग्रेड ( उच्चतम, मध्यम, न्यूनतम ) पर खरीदी, और प्रति एकड़ 12 क्विंटल के मान से खरीदी की मांग की। साथ ही, भावांतर योजना की खामियों को दूर करने और मंडी बोर्ड पर 1500 करोड़ रुपये के कथित वित्तीय बोझ को रोकने की मांग उठाई। महासंघ ने चेतावनी दी कि मंडी में बिक्री के बाद फसल को जिनिंग में रोका न जाए और व्यापारी या सीसीआई द्वारा रुकावट डालने पर कड़ी कार्रवाई हो, जिसमें लाइसेंस रद्द करना भी शामिल है। विशेष रूप से प्रेम प्रकाश जिनिंग व्यापारी की खरीदी बंद करने और उनकी जिनिंग में उपज खाली न करवाने की मांग की गई। महासंघ ने ऐलान किया कि 24 अक्टूबर को निमाड़ की सभी मंडियों में तालाबंदी की जाएगी। तहसील अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह गौर, जिला उपाध्यक्ष भोलेनाथ बिरला, और जिला महामंत्री सीताराम इंगला के नेतृत्व में आंदोलन तेज करने की घोषणा की गई। प्रांतीय महामंत्री रामेश्वर गुर्जर, इंदौर संभाग सह-संरक्षक द्वारका प्रसाद दाशोरे, लोकेन्द्र गुर्जर, विशाल चौधरी, जयराम रांडवा, ओमकार लोनकर सहित अन्य किसान नेताओं की मौजूदगी में तहसीलदार और एसडीएम ने खरीदी सुचारु करने का आश्वासन दिया। किसानों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन और तेज होगा।




# श्याम धाम प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर ट्रस्ट ने कहा - तीन लाख भक्तों के लिए 70 एकड़ में व्यवस्था

## महोत्सव की तैयारियों को लेकर आज मंदिर परिसर में प्रेसवार्ता




**मंडलेश्वर, निप्र।** खरगोन जिले के धरगांव में 4 करोड़ की लागत से बन रहे श्री श्याम सांवलिया धाम की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव 29 अक्टूबर से 2 नवंबर को लेकर आज, श्री श्याम सांवलिया चेरिटेबल ट्रस्ट ने महेश्वर बड़वाह से। सतीश अमोरा एवं जीतू जी पटेल उपस्थित रहेतहसील के प्रिंट मीडिया व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पत्रकारों के साथ एक महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता का आयोजन किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष ने मीडिया को पंचदिवसीय कार्यक्रम की संपूर्ण जानकारी दी और सभी को महोत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। ट्रस्ट ने बताया कि यह आयोजन निमाड़ का सबसे बड़ा धार्मिक समागम होगा, जहाँ खाटू श्याम जी, सांवलिया सेठ जी और सालासर बालाजी भगवान एक साथ विराजित होंगे।

# कसरावद मंडी गेट पर किसान संघ ने लगाया ताला, कपास खरीदी शुरू करने की मांग पर अड़े

**कसरावद, निप्र।** किसान मजदूर संघ के नेतृत्व में आज कसरावद कृषि उपज मंडी में किसानों ने कपास खरीदी जल्द शुरू करने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। सुबह से ही बड़ी संख्या में किसान मंडी परिसर में एकत्रित हुए और मंडी गेट पर ताला लगाकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। किसानों की प्रमुख मांग है कि भारतीय कपास निगम (ष्टष्टढ्ढ) द्वारा सीसीई कपास खरीदी तत्काल प्रारंभ किए जाएं, जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित समर्थन मूल्य मिल सके। किसान मजदूर संघ के नेता संतोष गुर्जर ने कहा कि जब तक सीसीआई द्वारा खरीदी प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की जाती, तब तक मंडी गेट का ताला नहीं खोला जाएगा। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन और उग्र होगा इस दौरान मंडी के कार्यकारी सचिव महेश पाटीदार ने किसानों को समझाते हुए कहा कि उच्च अधिकारियों से निरंतर चर्चा जारी है और समस्या का समाधान शीघ्र निकाला जाएगा। धरना प्रदर्शन के समय कसरावद तहसीलदार कैलाश डाबर, नायब तहसीलदार, पटवारी दल एवं पुलिस प्रशासन मौके पर मौजूद रहे और स्थिति पर नजर बनाए रखी।




एक नजर में — सीसीआई ने 25 प्रतिशत बताकर कपास खरीदी से किया, बिफरे किसान

# समर्थन मूल्य पर खरीदी की मांग, किसानों ने मंडी गेट पर किया प्रदर्शन

नवभारत न्यूज़

**खरगोन।** दीपावली अवकाश के बाद शुक्रवार से हंगामें के बीच बीटीआई रोड़ स्थित कपास मंडी में खरीदी शुरु हुई। शुक्रवार को राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरु करने की मांग को लेकर जिले की सभी मंडियों में तालाबंदी का आह्वान किया था, जिसके चलते सुबह से ही किसान मंडी गेट पर जुटने लगे।

हालांकि सीसीआई के अधिकारी भी खरीदी के लिए पहुंचे, जिससे किसानों का कुछ हद तक आक्रोश शांत हुआ, लेकिन खरीदी शुरु होते ही 25 प्रतिशत नमी बताकर कपास रिजेक्ट किए जाने के बाद फिर किसान बिफर गए। बढ़ते हंगामें की सूचना पर डिप्टी कलेक्टर, डीडीए एसएस राजपूत, मंडी सचिव शर्मिला नीमामा किसानों के बीच पहुंचे। एहतियातन पुलिस बल भी तैनात रहा।



### केंद्रीय कृषि मंत्री व कृषि राज्य मंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन

प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान व कृषि राज्य मंत्री एंदलसिंह केसाना के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें सीसीआई की कपास खरीदी में नमीं का मापंड 25 प्रतिशत करने, तौलकांटों की जांच कराने, फसल बिक्री की पंजीयन प्रक्रिया सरल करने, भोजन व्यवस्था दुरुस्त करने, भावांतर योजना में विसंगतियां दूर करने जैसी मांगें रखी शामिल है।

# गन्ना किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ : अरूण यादव

**खरगोन, निप्र।** जवाहरलाल नेहरू सहकारी एग्रीकल्चर प्रोड्यूस प्रोसेसिंग सोसायटी लिमिटेड, शक्कर कारखाना द्वारा ग्राम पानवा में गन्ना उत्पादक क्षेत्र पानवा, धरमपुरी, बाकानेर, ठिकरी, दवाना, कुआ, क्षेत्र के गन्ना उत्पादक किसानों के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया। इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री एवं संस्था अध्यक्ष अरुण यादव उपस्थित रहे। यादव ने किसानों को कहा कि शक्कर कारखाना सदैव किसानों के हितों की रक्षा और कृषि उत्पादन में वृद्धि के लिए कटिबद्ध है। श्किसान देश की रीढ़ हैं और गन्ना उत्पादन हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा है।



संगोष्ठी के दौरान क्षेत्र के किसानो के द्वारा समय से गन्ना क्रय किये जाने की मांग की गई। श्री यादव ने किसानों को आश्वसत किया की आपका गन्ना तय समय पर क्रय किया जावेगा। कारखाने के सुचारू संचालन के लिये किसानो से अधिक से अधिक गन्ना बुवाई करने तथा पेराई सत्र में गन्ना प्रदाय करने हेतु अनुरोध किया गया। तकनीकी विशेषज्ञों ने गन्ने की नवीनतम प्रजातियों, कीट एवं रोग प्रबंधन, मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड योजनाए की जानकारी दी। किसानों के प्रश्नों के उत्तर भी विशेषज्ञों द्वारा दिए गए। इस दौरान संचालक मंडल के सदस्य भी मौजूद रहे।